गतिविधि – 9

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

गतिविधि - 9

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
(Quiz Contest)

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी शिक्षा संस्थानों और शिक्षा संस्थानों से बाहर एक लोकप्रिय गतिविधि के रूप में उभरी है। ऐसी प्रतियोगिता के माध्यम से भी छात्रों को विषय-विशेष पर सभी प्रकार की सूचनाएं एकत्र करने, उस विषय की जटिलता को भली प्रकार से समझने तथा उसके सभी पहलुओं पर विमर्श करने का अवसर मिलता है। इस गतिविधि द्वारा समूचे वातावरण में उत्साह का संचार होता है और प्रतिभागियों के साथ-साथ श्रोतागण की अधिगम प्रक्रिया से न केवल प्रतिभागियों में बल्कि श्रोताओं में भी कौशल विकसित होता है।



उद्देश्य

1. छात्रों में किशोर प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य जैसे विषयों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें संबधित विषयों पर विस्तृत जानकारी एकत्र करने के लिए प्रेरित करना।

2. छात्रों में सृजनात्मक, तार्किक और संप्रेषण कौशल विकसित करना ।

लक्षित समूह

सातवीं से बारहवीं कक्षा के सभी छात्र।

वांछित सुविधाएं

एक बड़ा कमरा जिसमें प्रतिभागियों के साथ-साथ काफी मात्रा में श्रोतागण भी बैठ सकें।

समय

दो महीने में एक बार -एक घंटा/डेढ़ घंटा

प्रक्रिया

1. विभिन्न स्रोतों से प्रश्न एकत्र कर प्रश्नोत्तरी राशि का विकास। इस अनुभाग के अंत में उदाहरण-स्वरूप एक प्रश्न राशि दी गई है।

2. विद्यालय के सातवीं से बारहवीं कक्षा के सभी छात्रों के लिए अथवा स्तरवार अथवा कक्षावार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकता है।

3. सभी छात्रों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है तो 2-3 छात्रों के 4-5 समूह बनाए जा सकते हैं। ये समूह प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

4. यदि प्रतियोगिता का आयोजन कक्षावार किया जा रहा है तो समस्त कक्षा को 3 या 4 समूहों में विभाजित किया जा सकता है। उन समूहों का अ,ब,स,द के रूप में नामकरण हो सकता है।

5. यदि विद्यालय में सह-शिक्षा का प्रावधान है तो यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक समूहों में छात्रों के साथ-साथ छात्राएं भी हों।

6. श्यामपट्ट को अंक-पट्ट (स्कोर बोर्ड) के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

7. छात्रों में से एक को गणक (स्कोरर) तथा अन्य को समयपाल (टाइम स्कोरर) बनाया जाए। अध्यापक स्वयं प्रश्नोत्तरी अधिकारी (क्विज मास्टर) का कार्य कर सकते हैं।

8. प्रश्नोत्तरी अधिकारी प्रश्नों की राशि से प्रश्न चुनकर सभी टीमों से बारी-बारी से पूछेंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए टीम को दो अंक दिए जा सकते हैं। परन्तु, यदि वह टीम प्रश्न का उत्तर न दे सके तो उसी प्रश्न को दूसरी टीम से पूछा जाए। सही उत्तर देने पर उस टीम को बोनस अंक दिया जाए।

9. यदि किसी प्रश्न का उत्तर कोई भी टीम न दे पाए तो उस प्रश्न को श्रोतागणों से पूछा जा सकता है और यदि श्रोताओं में से कोई प्रश्न का सही उत्तर दे दे तो उन्हें सांकेतिक पुरस्कार दिया जा सकता हैं

10. प्रश्नोत्तरी के पांच या छः क्रमों के बाद गणक उच्चतम अंक अर्जित करने वाली टीम के नाम की घोषणा कर सकता है। और उस टीम को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया जा सकता है।

11. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अंत में प्रश्नोत्तरी अधिकारी की अंतिम टिप्पणी के द्वारा गतिविधि का समापन हो जाएगा। वह प्रतियोगिता के लिए दिए गए विषय के महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं की विशिष्टता को बताते हुए गतिविधि के माध्यम से जनित विभिन्न कौशलों की ओर ध्यान आकृष्ट करेगा।

प्रश्नोत्तरी राशि
(Quiz Time Pool)

क). प्रश्नों की सूची

1. किशोरावस्था का प्रारम्भ कब होता है ?
2. यौवनारम्भ क्या है ?
3. किशोरावस्था में कौन-कौन से मुख्य परिवर्तन आते हैं ?
4. किशोरावस्था के मुख्य पक्ष कौन कौन से हैं ?
5. एच आई वी संक्रमण और एड्स के संदर्भ में मद्य-निषेध कितना प्रभावपूर्ण है ?
6. किस आयु में बच्चों में लैंगिक पहचान सुस्पष्ट हो जाती है ?
7. किस मादक पदार्थ का औषधीय प्रयोग नहीं होता ?
8. एड्स का पूरा नाम क्या है ?
9. एच आई वी का पूरा नाम क्या है ?
10. एस टी डी का पूरा नाम क्या है ?
11. यौवनारम्भ में स्त्रियों में कौन से यौन हारमोन निर्मित होते हैं?
12. क्या वीर्य की एक बूंद रक्त की 100 बूंदों के बराबर होती है?(हां/नहीं)
13. क्या ऋतु-स्त्राव के दौरान स्नान करना हानिकारक है? (हां/नहीं)
14. क्या ऋतु-स्त्राव प्रारम्भ होने के बाद लड़की का कद बढ़ना बंद हो जाता है? (हां/नहीं)
15. क्या कुंआरी लड़की के साथ यौन-सम्बंध स्थापित करने से संक्रमित व्यक्ति की एस टी डी (यौन संचारित रोग) से मुक्ति हो जाती है? (हां/नहीं)
16. क्या एक ही बार यौन सम्बंध स्थापित करने से लड़की गर्भवती हो सकती है? (हां/नहीं)
17. क्या एस टी डी, एच आई वी संक्रमण का एक प्रमुख कारण है? (हां/नहीं)
18. क्या एच आई वी संक्रमित व्यक्ति द्वारा प्रयुक्त सुई या सिरिंज का प्रयोग करने से कोई भी व्यक्ति एच आई वी से संक्रमित हो सकता है? (हां/नहीं)
19. क्या प्रारम्भ में ही एड्स के निदान से, एड्स का इलाज संभव है? (हां/नहीं)

(ख). बहु-विकल्पीय प्रश्न

1. किशोरों के लिए प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य की शिक्षा आवश्यक है क्योंकि-

अ). समूह के रूप में उनके प्रजनन स्वास्थ्य की आवश्यकताओं को बहुधा उपेक्षित किया गया है।
ब). वे अनुशासन में नहीं रहते और इस प्रकार समाज में समस्या उत्पन्न करते हैं।
स). वे प्रौढ़ों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं करते।
द). इससे उन्हें अपने अध्ययन में एकाग्र होने में सहायता मिलेगी।

2. पुरुषों के कमजोर होने की कल्पना नहीं की जाती।

अ). यह लैंगिक-संघर्ष का एक उदाहरण है।
ब). यह यौन विषयक रूढ़िबद्धता का संकेत है।
स). यह जीवन का यर्थाथ है।
द). यह जैविक दृष्टि का एक निश्चयात्मक तर्क है।

3. लड़कियों व लड़कों की शारीरिक परिपक्वता की भिन्नता के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

अ. लड़कियां लड़कों की अपेक्षा प्रायः पहले परिपक्व हो जाती हैं।
ब). लड़कियों की अपेक्षा कुछ लड़के पहले परिपक्व हो जाते हैं।
स). सभी लड़के और लड़कियां 13 वर्ष की आयु तक परिपक्व हो जाते हैं।
द). लड़कों और लड़कियों के शारीरिक रूप से परिपक्व होने में कोई भिन्नता नहीं है।

4. अधिकतर किशोरों के आवेग

अ). काफी स्थिर होते हैं।
ब). बार-बार परिवर्तित होते प्रतीत होते हैं।
स). पूर्णरूपेण अस्थिर होते हैं।
द). न स्थिर होते हैं न बारबार परिवर्तित।

5. एड्स रोग का कारण है -

अ). विषाणु (वायरस)
ब). जीवाणु (बैक्टीरिया)
स). फफूंद (फंगस)
द) प्रोटोजोआ

6. एच आई वी संचरण होता है -

अ). साधारण स्पर्श से।
ब). इकट्ठे भोजन करने से।
स). रक्त द्वारा।
द). हाथ मिलाने से।

7. एच आई वी एक

अ). रक्त-जनित जीव है।
ब). जल-जनित जीव है।
स). वायु-जनित जीव है।
द). जनसंख्या-जनित जीव है।

8. शरीर में यौन-निर्धारण होता है -

अ). माता के अंडाणु द्वारा।
ब). माता के हारमोन्स द्वारा।
स). वायु जनित जीव द्वारा।
द). जनसंख्या- जनित जीव द्वारा।

9. मासिक रक्त-स्राव के समय लड़की को -

अ). खेल व व्यायाम गतिविधियों में भाग नहीं लेना चाहिए क्योंकि वे अधिक कमजोर हो जाती हैं।
ब). सामान्य रूप से कार्य करना चाहिए क्योंकि यह कोई असामान्य घटना नहीं है।
स). स्नान नहीं करना चाहिए, न ही कपड़े बदलने चाहिए।
द). रसोई का कार्य नहीं करना चाहिएं।

10. एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति

अ). पागल हो सकता है।
ब). स्वस्थ लगते हुए भी दूसरों को संक्रमित कर सकता है।
स). अधिक मोटा हो सकता है।
द). एड्स विकसित होने तक किसी को संक्रमित नहीं कर सकता।

11. किसी व्यक्ति के एच आई वी से संक्रमित होने की जानकारी मिल सकती है -

अ). रक्त परीक्षण से।
ब). पेशाब परीक्षण से।
स). एक्स-रे करवाने से।
द). विष्ठा-परीक्षण से।

12. एस टी डी तथा एड्स के फैलने का
अ). एक दूसरे से कोई संबंध नहीं होता।
ब). एक-दूसरे से गहरा संबंध होता है।
स). कुछ सीमा तक संबंध होता है।
द). बहुत कम संबंध होता है।

13. एच आई वी और एड्स से बचाव के लिए

अ). रक्त दान नहीं करना चाहिए।
ब). व्यवसायी रक्तदाताओं से बिना परीक्षण के रक्त नहीं लेना चाहिए।
स). एच आई वी संक्रमित व्यक्ति का आलिंगन नहीं करना चाहिए।
द). एच आई वी संक्रमित व्यक्ति के साथ भोजन नहीं करना चाहिए।

ग). (सही/गलत)

1. किशोरावस्था में शारीरिक, यौन और भावनात्मक परिवर्तनों के लिए हारमोन्स की वृद्धि उत्तरदायी है। (सही/गलत)
2. एच.आई.वी संक्रमण से बचने का शतप्रतिशत प्रभावी उपाय संयम है। (सही/गलत)
3. लैंगिक भूमिका उन जैविक कारकों द्वारा निर्धारित होती है जो हमारे नियंत्रण से परे होते हैं। (सही/गलत)
4. किशोरावस्था में विपरीत लिंगी के प्रति आकर्षण अस्वस्थ मानसिकता का परिचायक है। (सही/गलत)
5. एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति बिल्कुल स्वस्थ दिख सकते हैं और अनुभव कर सकते हैं। (सही/गलत)
6. यदि आरंभ में ही उपचार किया जाए तो एड्स का इलाज संभव है। (सही/गलत)
7. मादक पदार्थ का मात्र एक बार सेवन करने में कोई हानि नहीं है। (सही/गलत)
8. एच आई वी से सक्रंमित व्यक्ति अपने वीर्य द्वारा दूसरे व्यक्ति को विषाणु का संचारण कर सकता है। (सही/गलत)
9. एच आई वी से संक्रमित व्यक्ति अपने रक्त द्वारा एक दूसरे व्यक्ति को विषाणु का संचारण कर सकता है। (सही/गलत)
10. एक संक्रमित माता अपने गर्भ स्थित शिशु में एच आई वी संचरण कर सकती है। (सही/गलत)
11. मादक पदार्थों का सेवन रचनात्मक क्षमता में वृद्धि करता है। (सही/गलत)

12. पति-पत्नी द्वारा केवल आपस में ही यौन संबंध से एच आई वी संक्रमण की सम्भावना शून्य हो जाती है। (सही/गलत)
13. मच्छरों द्वारा एच आई वी का एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संचरण हो सकता है। (सही/गलत)
14. एक स्त्री किसी व्यक्ति से मात्र एक ही बार यौन संबंध से गर्भवती हो सकती है। (सही/गलत)
15. शिशु देखभाल की निपुणता मुख्यतः पैतृक निपुणता से आती है। (सही/गलत)
16. रक्तदान करने से व्यक्ति एच आई वी से संक्रमित हो सकता है। (सही/गलत)
17. संभोग करते समय निरोध का प्रयोग करने से व्यक्ति की एच आई वी से संक्रमित होने की संभावना कम हो जाती है। (सही/गलत)
18. जब तक जांच न हो तब तक एच आई वी संक्रमण का पता नहीं चलता। (सही/गलत)
19. चिकित्सकीय दृष्टि से यह उचित है कि संक्रमित विद्यार्थी को विद्यालय आने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। (सही/गलत)
20. एच आई वी संक्रमित व्यक्ति को भोजन बनाए व परोसे जाने वाले स्थान पर काम करने देना सही है। (सही/गलत)
21. एक से अधिक व्यक्ति के साथ यौन-सम्बंध से एच आई वी संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है। (सही/गलत)
22. गर्भावस्था में धूम्रपान व मदिरापान करने से शिशु में पैदायशी अंगहीनता और अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। (सही/गलत)
23. लड़कियों से छेड़छाड़ करने की प्रवृति अस्वस्थ मानसिकता की परिचायक है। (सही/गलत)
24. किशोरवस्था में लड़कियों में अन्य आय-वर्ग की स्त्रियों की अपेक्षा गर्भपात व शिशु में पैदायशी अंगहीनता की संभावना बहुत कम होती है। (सही/गलत)
25. सूजाक (गौनोरिया) और आतशक (सिफलिस) का सरल और प्रभावशाली इलाज संभव है। (सही/गलत)
26. एच आई वी संक्रमण और एड्स से ग्रस्त व्यक्ति के साथ आलिंगन से एच.आई.वी का संक्रमण संभव है। (सही/गलत)
27. एच आई वी संक्रमण और एड्स के ग्रस्त व्यक्ति के साथ हाथ मिलाने से एच आई वी का संक्रमण हो सकता है। (सही/गलत)

28. साधारण जुकाम की तरह एड्स भी एक संक्रामक रोग है। (सही/गलत)

29. एड्स को रोकने के लिए कोई टीका उपलब्ध नहीं हैं। (सही/गलत)

30. यदि कोई व्यक्ति एड्स से ग्रस्त हो जाता है वह कई रोगों से अपने आप को नहीं बचा पाता। (सही/गलत)

31. यौन रोग से पीड़ित व्यक्ति एड्स से भी ग्रसित होता है। (सही/गलत)

32. एच आई वी से ग्रसित विद्यार्थी को विद्यालय नहीं आने देना अविवेकपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण है। (सही/गलत)

33. मादक पदार्थों के सेवन से वैचारिक शक्ति तीव्र होती है और एकाग्रता में वृद्धि होती है। (सही/गलत)

34. औषधीय और मनोवैज्ञानिक उपचार से नशे की आदत का इलाज संभव है। (सही/गलत)

35. नशे की आदत से छुटकारे के लिए व्यक्ति में दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। (सही/गलत)

प्रश्नों की कुंजी

क). प्रश्नों की सूची

1. किशोरावस्था का आरम्भ यौनारंभ से होता है।
2. लड़कियों में माहवारी के प्रारम्भ में तथा लड़कों में प्रथम वीर्य-प्रवाह से यौनारम्भ का प्रारम्भ माना जाता है।
3. शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तन।
4. प्रारम्भिक, मध्यवर्ती और अंतिम।
5. शत-प्रतिशत
6. तीन वर्ष
7. ब्राउन शुगर और गांजा
8. एक्वायरड इम्यून-डैफिशैंसी सिंड्रोम
9. हयूमेन इम्यून डैफिशैंसी वायरस
10. सेक्सुअली ट्रांसमिटिड डिजीज
11. प्रोटेस्टेरोन, एस्ट्रोजन
12. नहीं
13. नहीं
14. नहीं
15. नहीं
16. नहीं
17. हां
18. हां
19. नहीं

ख) बहु-विकल्पीय प्रश्न

1.	(अ)	2.	(ब)	3.	(अ)
4.	(ब)	5.	(अ)	6.	(स)
7.	(अ)	8.	(स)	9.	(ब)
10.	(ब)	11.	(अ)	12.	(ब)
13.	(ब)				

ग). सही /गलत

1.	(सही)	2.	(सही)	3.	(गलत)
4.	(गलत)	5.	(सही)	6.	(गलत)
7.	(गलत)	8.	(सही)	9.	(सही)
10.	(सही)	11.	(गलत)	12.	(सही)
13.	(गलत)	14.	(सही)	15.	(गलत)
16.	(गलत)	17.	(सही)	18.	(सही)
19.	(गलत)	20.	(सही)	21.	(सही)
22.	(सही)	23.	(सही)	24.	(गलत)
25.	(सही)	26.	(गलत)	27.	(गलत)
28.	(गलत)	29.	(सही)	30.	(सही)
31.	(गलत)	32.	(सही)	33.	(गलत)
34.	(सही)	35.	(सही)		

पुनर्निवेशन (Feedback)

हर बार गतिविधि के समापन के बाद पुनर्निवेशन हेतु कुछ विशेष पग उठाए जाएं। सम्बन्धित अध्यापक निम्नानुसार विवरण तैयार करे-

1. कितनी टीमों ने और कौन सी कक्षाओं से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया ?
2. कक्षावार कितने विद्यार्थियों (छात्र-छात्राओं) की टीमें बनाई गईं ?
3. किन समस्याओं और मुद्दों पर कितने प्रश्न पूछे गए ?
4. किशोर शिक्षा के किस विशेष अंग पर कितने प्रश्न पूछे गए ?
5. कितने विद्यार्थी (कक्षावार) अध्यापक और अन्य व्यक्ति श्रोताओं के रूप में उपस्थित थे ?
6. बाहर से कितने विशेषज्ञों/व्यवसायियों को बुलाया गया था और किन एजेन्सी/संस्थानों से ?
7. क्या विद्यार्थियों ने विचार-विमर्श में सक्रियता से भाग लिया? क्या उन्होंने अनुपूरक अथवा अन्य मौखिक प्रश्न पूछे ?

8. संवेदनशील और उलझनपूर्ण प्रसंगों के कारण अथवा अन्यकारणों से कितने प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए गए ?
9. क्या गतिविधि का आयोजन करते हुए सभी उपर्युक्त बातों का ध्यान रखा गया ?
10. विचार-विमर्श में भाग लेते हुए विद्यार्थियों ने किन कौशलों का प्रयोग किया?